www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–66 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ मंगलवार 8 जून 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## 21 जून से देश के सभी लोगों को मुफ्त में मिलेगी कोरोना वैक्सीन : मोदी

नई दिल्ली (वेबवार्ता)। कोरोना काल में एक बार फिर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के लिए दो अहम घोषणाएं की हैं। ये घोषणाएं कोरोना के खिलाफ चल रहे युद्ध के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हैं। प्रधानमंत्री ने पहली घोषणा की कि 21 जून से 18 वर्ष से ऊपर की आयु के देश के सभी नागरिकों को वैक्सीन मुफ्त लगेगी। केंद्र सरकार, प्रत्येक राज्य इसके लिए मुफ्त वैक्सीन मुहैया कराएगी। वैक्सीन निर्माताओं से कुल वैक्सीन उत्पादन का 75 प्रतिशत हिस्सा भारत सरकार खुद खरीदेगी और फिर इसे राज्य सरकारों को मुफ्त देगी। दूसरी महत्पूर्ण घोषणा 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को अब दीपावली तक आगे बढ़ाने की हुई है। मतलब नवंबर–2021 तक केंद्र सरकार 80 करोड़ से अधिक देशवासियों को, हर महीने तय मात्रा में मुफ्त अनाज उपलब्ध कराएगी। देश के नाम संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, कोरोना की दूसरी लहर की लड़ाई जारी है। अन्य देशों की तरह भारत इस पीड़ा से गुजरा है। कई लोगों ने अपने परिजनों को खोया है। बीते सौ वर्षों में आई ये सबसे बड़ी महामारी है, त्रासदी है। इस तरह की महामारी आधुनिक विश्व ने न देखी थी, न अनुभव की थी। इतनी बड़ी वैश्विक महामारी से हमारा देश कई मोर्चों पर एक साथ लड़ा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेकेंड वेव के दौरान अप्रैल और मई के महीने में भारत में मेडिकल ऑक्सीजन की डिमांड अकल्पनीय रूप से बढ़ गई थी। भारत के इतिहास में कभी भी इतनी मात्रा में मेडिकल ऑक्सीजन की जरूरत महसूस नहीं की गई। इस जरूरत को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया



गया। सरकार के सभी तंत्र लगे। उन्होंने कहा, आज पूरे विश्व में वैक्सीन के लिए जो मांग है, उसकी तुलना में उत्पादन करने वाले देश और वैक्सीन बनाने वाली कंपनियां बहुत कम हैं। कल्पना करिए कि अभी हमारे पास भारत में बनी वैक्सीन नहीं होती तो आज भारत जैसे विशाल देश में क्या होता? पीएम मोदी ने कहा, हर आशंका को दरकिनार करके भारत ने 1 साल के भीतर ही एक नहीं बल्कि दो मेड इन इंडिया वैक्सीन्स लॉन्च कर दी। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश ने, वैज्ञानिकों ने ये दिखा दिया कि भारत बड़े–बड़े देशों से पीछे नही है। आज जब मैं आपसे बात कर रहा हूं तो देश में 23 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की डोज दी जा चुकी है। उन्होंने कहा पिछले काफी समय से देश लगातार जो प्रयास और परिश्रम कर रहा है, उससे आने वाले दिनों में वैक्सीन की सप्लाई और भी ज्यादा बढ़ने वाली है। आज देश में 7 कंपनियाँ, विभिन्न प्रकार की वैक्सीन्स का प्रॉडक्शन कर रही हैं। तीन और वैक्सीन्स का ट्रायल भी एडवांस स्टेज में चल रहा है। राज्य सरकारों को लॉकडाउन की छूट क्यों नहीं मिल रही? पीएम मोदी ने कहा, देश में कम होते कोरोना के मामलों के बीच, केंद्र सरकार के सामने अलग–अलग सुझाव भी आने लगे, भिन्न–भिन्न मांगे होने लगीं। पूछा जाने लगा, सब कुछ भारत सरकार ही क्यों तय कर रही है? राज्य सरकारों को छूट क्यों नहीं दी जा रही? दूसरी तरफ किसी ने कहा कि उम्र की सीमा आखिर केंद्र सरकार ही क्यों तय करे? कुछ आवाजें तो ऐसी भी उठीं कि बुजुर्गों का वैक्सीनेशन पहले क्यों हो रहा है? भांति–भांति के दबाव भी बनाए गए, देश के मीडिया के एक वर्ग ने इसे कैंपेन के रूप में भी चलाया। इस बीच, कई राज्य सरकारों ने फिर कहा कि वैक्सीन का काम डी–सेंट्रलाइज किया जाए और राज्यों पर छोड़ दिया जाए। तरह–तरह के स्वर उठे। जैसे कि वैक्सीनेशन के लिए एज ग्रुप क्यों बनाए गए? प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल 16 जनवरी से शुरू होकर अप्रैल महीने के अंत तक, भारत का वैक्सीनेशन कार्यक्रम मुख्यतः केंद्र सरकार की देखरेख में ही चला। सभी को मुफ्त वैक्सीन लगाने के मार्ग पर देश आगे बढ़ रहा था। देश के नागरिक भी, अनुशासन का पालन करते हुए, अपनी बारी आने पर वैक्सीन लगवा रहे थे। आज ये निर्णय लिया गया है कि राज्यों के पास वैक्सीनेशन से जुड़ा जो 25 प्रतिशत काम था, उसकी जिम्मेदारी भी भारत सरकार उठाएगी। ये व्यवस्था आने वाले 2 सप्ताह में लागू की जाएगी। इन दो सप्ताह में केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर नई गाइडलाइंस के अनुसार आवश्यक तैयारी कर लेंगी। उन्होंने कहा कि 21 जून, सोमवार से देश के हर राज्य में, 18 वर्ष से ऊपर की उम्र के सभी नागरिकों के लिए, भारत सरकार राज्यों को मुफ्त वैक्सीन मुहैया कराएगी। वैक्सीन निर्माताओं से कुल वैक्सीन उत्पादन का 75 प्रतिशत हिस्सा भारत सरकार खुद ही खरीदकर राज्य सरकारों को मुफ्त देगी। देश की किसी भी राज्य सरकार को वैक्सीन पर कुछ भी खर्च नहीं करना होगा। अब तक देश के करोड़ों लोगों को मुफ्त वैक्सीन मिली है। अब 18 वर्ष की आयु के लोग भी इसमें जुड़ जाएंगे। सभी देशवासियों के लिए भारत सरकार ही मुफ्त वैक्सीन उपलब्ध करवाएगी। एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा में पीएम मोदी ने कहा कि आज सरकार ने फैसला लिया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अब दीपावली तक आगे बढ़ाया जाएगा। महामारी के इस समय में, सरकार गरीब की हर जरूरत के साथ, उसका साथी बनकर खड़ी है। यानि नवंबर तक 80 करोड़ से अधिक देशवासियों को, हर महीने तय मात्रा में मुफ्त अनाज उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा, जो लोग भी वैक्सीन को लेकर आशंका पैदा कर रहे हैं, अफवाहें फैला रहे हैं, वो भोले–भाले भाई–बहनों के जीवन के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसी अफवाहों से सतर्क रहने की जरूरत है।

## सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव ने लगवाई वैक्सीन, पुत्र अखिलेश ने किया था विरोध

लखनऊ (वेबवार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सोमवार को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में वैक्सीन लगवाई। अब वैक्सीन लगवाने के बाद उत्तर प्रदेश के उप




मुख्यमंत्री समेत भाजपा नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को माफी मांगने को कहा है। देश के पूर्व रक्षा मंत्री व उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव ने कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाई तो उत्तर प्रदेश की राजनीति में इसका असर दिखा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने मुलायम सिंह यादव की तारीफ करते हुए धन्यवाद कहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी स्वदेशी वैक्सीन लगवाने के लिए आपका धन्यवाद। आपके द्वारा वैक्सीन लगवाना इस बात का प्रमाण है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश जी द्वारा वैक्सीन को लेकर अफवाह फैलाई गई थी। इसके लिए अखिलेश जी को माफी मांगनी चाहिए। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि यह एक अच्छा संदेश है। आशा करता हूं कि सपा के कार्यकर्ता एवं उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी अपनी पार्टी के संस्थापक से प्रेरणा लेंगे। उल्लेखनीय है कि एक प्रेस कांफ्रेंस में श्री अखिलेश ने कहा था कि सपा की सरकार आएगी तो सभी को निशुल्क वैक्सीन लगवाई जाएगी। वहीं, उन्होंने कहा था कि भाजपा की वैक्सीन पर भरोसा नहीं है। वह नहीं लगवाएंगे। अब मुलायम सिंह के वैक्सीन लगवाने के बाद प्रदेश की राजनीति में सपा के खेमे में सन्नाटा पसर गया है। वहीं, विरोधी अखिलेश का जमकर चटकारे ले रहे हैं।

## उपाध्यक्ष एल0डी0ए0 द्वारा लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के सम्बंध में बुलाई गई महत्वपूर्ण बैठक

अवध की आवाज

लखनऊ। विकास प्राधिकरण सभागार में उपाध्यक्ष श्री अभिषेक प्रकाश द्वारा लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के सम्बंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर शहर को एक कोने से दूसरे कोने को जुड़ेगा। वर्तमान समय मे लोगो को शहर के एक कोने से दूसरे कोने जाने में लगभग 1 घण्टे का समय लगता है जोकि ग्रीन कॉरिडोर के द्वारा 15 मिनट में पूरा होगा। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि हरदोई रोड, सीतापुर रोड, पुराना लखनऊ व खदरा को गोमतीनगर से ग्रीन कॉरिडोर सीधे जोड़ेगा जिससे कि आमजनमानस को काफी सुविधा होगी। उपाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उक्त कॉरिडोर के पहले फेस का निर्माण कार्य अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। बैठक में कन्सल्टेन्ट द्वारा प्रोजेक्ट का प्रेजेन्टेशन किया गया। जिलाधिकारीध्उपाध्यक्ष द्वारा निर्देश दिये गये कि मेसर्स टाटा कन्सल्टेन्सी सर्विस इंजीनियर्स अपना स्थानीय आफिस 03 दिवस के अन्दर पूर्ण रूप से प्रारम्भ कर लें तथा फिजिबिलटी रिपोर्ट 1.5 माह में उपलब्ध करायें एवं 03 माह के अन्दर डी0पी0आर0 प्रस्तुत की जायें। बैठक में यह भी निर्देश दिये गये कि उक्त कार्य को आवश्यकतानुसार फेजेज में बांटते हुए अलग–अलग फेजेज की डी0पी0आर0 प्रस्तुत की जाये, जिससे कि कार्य का प्रारम्भ शीघ्रताशीघ्र



किया जा सके। साथ ही निर्देश दिये गये हैं कि समस्त आवश्यक डाटा 03 दिन के अन्दर सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा कन्सल्टेन्ट को उपलब्ध करा दिया जाये। सभी विभागों के समन्वय हेतु सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण को ओवरऑल नोडल अधिकारी नामित किया गया है तथा प्रशासनिक सहयोग हेतु अपर जिलाधिकारी–प्रशासन एवं भूमि अर्जन हेतु अपर जिलाधिकारी–भूअर्जन को नोडल अधिकारी नामित किया गया। बैठक में लखनऊ विकास प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी–भूअर्जन तथा प्रोजेक्ट इम्प्लीमेशन यूनिट के सइस्य सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता अनिल कुमार सिंह सेंगर एवं चयनित कन्सल्टेन्ट मेसर्स टाटा कन्सल्टेन्सी सर्विस इंजीनियर्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शहर के एक कोने से दूसरे कोने को जोड़ेगा ग्रीन कॉरिडोर। 1 घंटे का सफर 15 मिनटों में पूरा होगा। अक्टूबर से शुरू हो जाएगा ग्रीन कॉरिडोर के निर्माण का पहला फेस। हरदोई रोड, सीतापुर रोड, पुराना लखनऊ व खदरा को गोमतीनगर से जोड़ेगा ग्रीन कॉरिडोर। पूरब से पश्चिम को जोड़ेगा लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर।

## उप्र में कोविड कर्फ्यू समाप्त होने के आसार, छोटे दुकानदारों को मिलेगी राहत

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में सोमवार की सुबह तक चार जनपदों में कोविड कर्फ्यू की स्थिति में सुधार हो गया। चार जनपदों में से एक और जिला सहारनपुर कर्फ्यू फ्री हो गया। प्रदेश में कोविड कर्फ्यू के जल्द समाप्त होने के आसार हैं। इससे छोटे दुकानदारों को बड़ी राहत मिलेगी। लखनऊ, मेरठ और गोरखपुर जनपदों में कोविड कर्फ्यू हटाने को लेकर मुख्यमंत्री कल वर्चुअल बैठक करेंगे। इसके बाद कोविड की स्थिति देखते हुए कोविड कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया जा सकता है। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव से प्रदेश के अलग–अलग जनपदों के व्यापार मंडलों सहित प्रदेश स्तरीय व्यापारी संगठनों ने दुकानों को खोलने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया था। वही, लखनऊ व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर भी तमाम मांगों को रखा था। प्रदेश के भीतर लाखों की संख्या में छोटे दुकानदार कोविड कर्फ्यू से प्रभावित हुए हैं और उप्र पूरी तरह कर्फ्यू फ्री हो जाने के बाद सबसे बड़ी राहत छोटे दुकानदारों को मिलेगी। जिन स्थानों पर कोविड कर्फ्यू को हटा लिया गया है, वहां वैक्सीन लगवा चुके दुकानदारों को दुकान खोलने की अनुमति दे दी गई है। वही हर जनपद में अभी भी बहुत सारे लोग होम आइसोलेशन में है। इनके लिए आयुष कवच ऐप के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में धीरे–धीरे हटाये जा रहे कोविड कर्फ्यू के बाद अस्पतालों की ओपीडी सेवा भी शुरू कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश में आयुष विभाग की तरफ से बांटे जा रहे हैं। आयुष 64 मेडिसिन का व्यापक असर भी है। आयुष 64 से होम आइसोलेशन में अपना उपचार कर रहे लोगों को बड़े पैमाने पर मदद मिली है।

## उन्नाव सीओ ने कोतवाली गंगा घाट राजधानी मार्ग पर किया निरीक्षण

विकास श्रीवास्तव

गंगाघाट उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लॉक डाउन का पालन करने के लिए उन्नाव सीओ कोतवाली गंगा घाट



क्षेत्र राजधानी मार्ग पर निरीक्षण किया। बेवजह घूम रहे लोगों को सख्त हिदायत दी जिले में 7 रू 00 बजे के बाद लगी दुकानों को बंद करने की अपील की। उन्नाव co और कोतवाली s h o अरविंद सिंह के साथ पुलिस बल मौजूद रहा।



संवाददाता संतोष कुमार पत्रकार जी ने आज शुभ तिलकोत्सव के उपरांत ब्यूरो चीफ आदरणीय गुड्डू मिश्रा जी सहित सभी पत्रकार बंधुओं को मिठाई खिलाकर स्वागत एवम् सम्मान किया। सभी पत्रकार बंधुओं ने संवाददाता जी को मिठाई खिलाकर ढेरो शुभकामना सहित बधाई दी।

## लखनऊ में एक पीएचसी को पूर्व डीजीपी बृजलाल ने लिया गोद

लखनऊ(वेबवार्ता)। राज्यसभा सदस्य व उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक बश्जलाल ने सोमवार को चिनहट स्थित एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) को गोद लिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील किया है कि सांसद, विधायकों को अपने–अपने क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को गोद लेना चाहिए। इसके बाद कई जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के आदेश पर अमल किया है। इसी कड़ी में सोमवार को राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने पीएचसी को गोद लिया है। उन्होंने चिनहट स्थित पीएचसी को गोद लेकर इस पहल की शुरूआत कर दी है।

## नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार नाले पर किये गए अतिक्रमण को हटवाया

अवध की आवाज

लखनऊ। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी के



निर्देशानुसार , प्रवर्तन अधिकारी कर्नल सत्येंद्र सिंह एव जोन– 4 के जोनल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधीक्षक राजू गुप्ता, राजेन्द्र पाल, राजस्व निरीक्षक पंकज पटेल, 296 के सदस्य एव इंजिनीरिंग अनुभाग के सदस्यों तथा थाना निशातगंज की भारी पुलिस टीम की उपस्थिति में, टीम लीडर अनिरुद्ध कुमार, मनोज कुमार ई टी एफ व पी आर डी जवानों के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कलंकार कॉलोनी, न्यू हैदराबाद के पास नाले पर किये गए अतिक्रमण को हटवाया गया।

## थाना खोड़ारे क्षेत्र के अन्तर्गत हुए हत्याकाण्ड का खुलासा, 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मो0 खालिद अवध की आवाज

गोंडा। थाना खोड़ारे क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम अहिरौली निवासी मो0 हद्दीस की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी । जिसके सम्बन्ध में मृतक की पत्नी श्रीमती सलीमुन्निशा द्वारा शक के आधार पर थाना खोड़ारे में 03 व्यक्तियों– 01.



रोहित पुत्र बुधई, 02. बाबूलाल पुत्र बुधई नि0गण सीतारामपुर ग्रन्ट लोनियनडीह थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा, 03. मदनलाल उर्फ मादे पुत्र सकठू नि0 फरेन्द्र बुजुर्ग थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था । इस सनसनीखेज घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री संतोष कुमार मिश्रा ने प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे को घटना का सफल अनावरण कर दोषी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के कड़े निर्देश दिए थे तथा स्वाट ध सर्विलांस टीम को भी घटना के खुलासे के लिए लगाया था। पुलिस अधीक्षक के दिए गए निर्देशों के क्रम में व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे द्वारा हत्याकाण्ड का सफल अनावरण करते हुए विवेचना के दौरान प्रकाश में आये 02 आरोपी अभियुक्तों 01. मोहित चौहान उर्फ महेन्द्र कुमार चौहान, 02. सुनील कुमार यादव पुत्र रामचन्दर को गिरफ्तार किया है । कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त मोहित चौहान ने बताया कि मृतक हद्दीस ने उसके बाबा से पूर्व में सम्पत्ति का बैनामा करा लिया था मोहित के पिता को भी मृतक व उसके परिजनो ने वर्ष 2015 में काफी मारा–पीटा था जिसमें मोहित के पिता को काफी चोटो आयी थी सम्पत्ति बैनामा कराने व मारपीट की रंजिश के कारण ही मोहित ने अपने साथी अभियुक्त के साथ मिलकर मृतक हद्दीस की हत्या की है ।अभियुक्त मोहित चौहान की निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त आलाकत्ल (नाजायज चाकू ) भी बरामद कर लिया गया है । अभियुक्तगणों को वास्ते रिमांड माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है

## पशु सेवा केंद्र में लगभग दो तीन साल से डाक्टर न बैठने के कारण अस्पताल की बहुत ही दयनीय स्थिति

अवध की आवाज गुड्डू मिश्र

शेखपुर नरी उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत शेखपुर नरी में पशु सेवा केंद्र में लगभग दो तीन साल से डाक्टर न बैठने के कारण अस्पताल की बहुत



ही दयनीय स्थिति हो गई है। संबंधित अधिकारियों को अवध की आवाज हिंदी दैनिक समाचार पत्र द्वारा सूचित किया जाता है कि पशु सेवा केंद्र में किसी डाक्टर के बैठने की व्यवस्था की जाए जिससे समस्त जनता को सारी सुविधाएं मिल सके। क्षेत्र के लोग न्यूज चौनल के माध्यम से इस समस्या को चिकित्सा अधिकारी एवम् क्षेत्रीय विधायक तक इस बात को अवगत कराना चाहते है जिससे की समस्त जनता इस गंभीर समस्या से निजात पा सके एवम् सभी इस केंद्र की सुविधाओ का लाभ ले सकें।

## मिश्रौलिया में हुए हृदयविदारक घटना में शोक संवेदना प्रकट करने पहुंची– सौम्या पांडेय

मो0 खालिद अवध की आवाज

खोड़ारे गोंडा। दो दिन पहले रसूलपुर मिश्रौलिया में हुए हृदयविदारक घटना से लोग उबर नही पा रहे है। एक ही घर के 5 बच्चो की एक ही साथ मौत हर किसी के दिल को झकझोर दिया है । गांव में अभी भी मातम का माहौल है। शोक संवेदना प्रकट करने के लिए लोगो का रोज आना जाना लगा है ,इस घटना से पूरे क्षेत्र में गम का साया है। लोग मिलकर टूटे हुए परिवार को ढाढ़स बंधा रहे है। इसी क्रम में वरिष्ठ समाजसेविका व



समाजवादी कार्यकर्ता श्रीमती सौम्या पांडेय अपने कार्यकर्ताओ के साथ कल शाम को पहुँच कर शोक संतप्त परिवार का ढाँढस बधाया और हर तरह से संभव मदद का आश्वाशन भी दिया। इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मिलकर उन लोगों ने पंचवटी लगवाया जिसमें आंवला, अशोक, पीपल, बेल, और बरगद शामिल है। ताकि इन मृत बच्चों को इन पंचवटी के रूप में देखा जाए और परिवार के सदस्यों की इच्छा है कि गाँव का नाम पंचवटी रखा जाए।

# सिंगरौली के युवाओं में कोरोना वैक्सीन लगवाने का बढ़ा रुझान

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। पूरे सिंगरौली जिले में इन दिनों वेक्सीनेशन अभियान अपने चरम पर है और अब कोरोना वायरस के खिलाफ युवा भी मैदान में उतर गए हैं। कोरोना की स्थिति को देखते हुए और तीसरी लहर की संभावना भी प्रबल होने के चलते वैक्सीन लगवाने के प्रति यहां के युवाओं का रुझान बढ़ा है। जिले में स्थापित सभी वेक्सीनेशन सेंटर में कोरोना वैक्सीन लगवाने आ रहे युवाओं की भीड़ देखकर यही पुष्टि होती है बीते दिवस दोपहर एक बजे तक एंटीपीसी एवं अन्य सेंटर स्वास्थ्य केंद्र पर लगभग 114 युवाओं को वैक्सीन लगाई गई। जिस तेजी से कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ा था उतना ही लोगों में कोरोना वैक्ध्सीन लगाने के लिए जोश भी बढ़ा रहा है अब तो युवाओं को भी इसका टीका लग रहा है। रोज उत्ध्साह के साथ लंबी लाइन में लगकर वे टीकाकरण करा रहे हैं। लाइनों में युवाओं को देखकर लगता है कि उन्ध्होंने तो कोरोना को मात देने की ठान ली है युवाओं के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वैक्सीन लगवाने के लिए जैसे ही स्लॉट खुलता है थोड़ी देर बाद बुकिंग बंद हो जाती है जिले के कई वेक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचे युवाओं में अमित पांडे एवं अजय द्विवेदी ने वेक्सीन लगवाने के बाद अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि वेक्सीन से किसी भी प्रकार घबराने की जरूरत नहीं इसके लगने पर किसी प्रकार का दर्द महसूस नहीं हुआ इसलिये सभी लोग इस महामारी से बचने वेक्सीन अवश्य लगवाए और दूसरों को भी समझाए की कोरोना से बचने एकमात्र उपाय वेक्सीनेशन ही है।



# तीसरी लहर से बचने सिंगरौली विधायक ने वरिष्ठ भाजपाई नेता वशिस्ठ पांडे के निवास पर की राय शुमारी

## विधायक ने बगिया में लगे आम के फल को सराहा

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। सिंगरौली विंध्यनगर जिले में कोरोना की रफ्तार थमने लगी है इसके लिए पूरा जिला महकमे के लोगों ने अथक प्रयास किये लेकिन कोरोना पूरी तरह से समाप्त हो रहा है इसको कहना अभी जल्दबाजी होगी क्योंकि विशेषज्ञों अनुसार इसकी तीसरी लहर आ सकती है जो बच्चों के लिए घातक बताई जा रही है। इसी सब पर राय शुमारी हेतु पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर सिंगरौली विध ाायक रामलल्लू बैस अपने प्रतिनिधि ा मंडल के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता वशिष्ठ पांडे के निवास पहुंचे जहां उन्होंने इस लहर को कैसे रोका जाए और लोगों को कैसे इसके प्रति जागरूक किया जाय आदि बातों पर विचार विमर्श किया साथ ही विधायक को जानकारी लगी कि प्रकृति के प्रेमी वशिष्ठ पांडे के यहां अजीब किस्म का कई आम पेड़ है। जिसमे किसी मे जबरदस्त आम फले हैं तो किसी मे छोटे छोटे फल भी लगे हैं और इसमे फल के साथ बौर भी लगे हैं जिसे देख विधायक व इनके प्रतिनिधि मंडल के साथियों ने भरे दिल से सराहा और कहा कि वशिष्ठ पांडे की बगिया में जिस तरह पेड़ पौधे भरपूर मात्रा में लगाये गए हैं यह इनकी प्रकृति प्रेम को दर्शाता है। साथ ही पर्यावरण दिवस के मौके पर कई पेडों को भी लगाया गया विधायक द्वारा।



# शराब बनाने के उपकरण व करीब 200 ली0 अवैध शराब के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में शराब बिक्रीधनिष्कर्षण रोकने हेतु निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में थाना मौरावां पुलिस, थाना आसीवन पुलिस व थाना बीघापुर पुलिस द्वारा 04 अभियुक्तों को करीब 200 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया ।




# योगी सरकार का पोषण मिशन कागजों में: लल्लू

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने देश में सर्वाधिक 46 प्रतिशत कुपोषित बच्चे उत्तर प्रदेश में होना साबित करता है कि योगी सरकार का पोषण मिशन कागजों पर है और उसका जमीनी सच्चाई से कोई लेना देना नही है। लल्लू ने सोमवार को कहा कि छह महीने से 6 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण की 46 फीसद दर से यह समझा जा सकता है कि सरकार का पोषण मिशन पूरी तरह भ्रष्टाचार का शिकार हो चुका है जिसके कारण प्रतिदिन लगभग 700 बच्चे असमय सरकारी लापरवाही के चलते मौत के मुंह में जा रहे है और सरकार अपने गाल बजाने में मस्त है। उन्होने कहा कि शिशु मृत्यु दर में उत्तर प्रदेश देश मे पहले पायदान पर खड़ा होकर विकास की गाथा की झूठी कहानी बता रहा है जबकि जमीनी सच यह है कि कुपोषण के चलते हर 10 में 4 बच्चे गम्भीर रूप से अतिकुपोषित है, जिसके कारण उनके शारीरिक विकास में भी बाधा आती है। कुपोषण जैसी गम्भीर समस्या को हल्के में लेकर आवंटित बजट का दुरुपयोग किया जाना समस्या को अतिगम्भीर बनाता है और इसके लिये राज्य सरकार की भ्रष्टाचार को संरक्षण देने वाली भूमिका है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2022 तक कुपोषण संकट समाप्त नही हो सकता, ऐसे में योगी सरकार बताये की बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये वह कब तक ठोस व्यवस्था को मूर्तरूप देगी।

# जौनपुर में विवाहिता ने फांसी लगा कर दी जान

जौनपुर, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में जौनपुर के गौराबादशाहपुर इलाके के बंजारेपुर गांव में रविवार की रात्रि में एक नवविवाहित महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आज यहां कहा कि वाराणसी की रहने वाली सुलेखा मौर्या की शादी बंजारेपुर गांव के रहने वाले सचिन मौर्य से लगभग आठ माह पूर्व हुई थी। रविवार की देर रात सचिन के परिजन जब कमरे में आये तो सुलेखा का शव रस्सी के सहारे कमरे में लटकता मिला। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टर्माम के लिये भेज दिया है। पुलिस ने इसकी सूचना मृतका के मायके वालों को दे दी है।

# यूपी में पहली बार कोरोना के एक हजार से कम दैनिक मामले

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण की मौजूदा लहर में पहली बार एक दिन में एक हजार कम मामले सामने आये है। अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने सोमवार को बताया कि कोरोना से जंग में योगी मॉडल कारगर साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट फार्मूले का असर है कि पहली बार 1000 से भी काफी कम नए दैनिक मामले सामने आये है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के सिर्फ 700 नये मामले सामने आये जबकि 2860 मरीज स्वस्थ हुये जिसके बाद राज्य में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 15600 रह गयी है। उन्होने कहा कि इस अवधि में 3.10 लाख कोरोना टेस्ट किये गये है। यूपी में कोरोना की पाजीटिविटी दर अन्य राज्यों की तुलना में बेहद कम है। यूपी पांच करोड़ से अधिक टेस्ट करने वाला अकेला राज्य है जबकि राज्य में अब तक दो करोड़ दो लाख टीकाकरण हो चुका है। सहगल ने बताया कि अब सिर्फ मेरठ, लखनऊ और गोरखपुर में 600 से ज्यादा सक्रिय मामले बचे हैं जबकि 72 जिलों में आंशिक कोरोना कर्फ्यू हटा लिया गया है। पिछले 24 घंटे में किसी भी जिले में 100 से अधिक केस नहीं आए जबकि दो जिलों में एक भी नया मामला सामने नहीं आया। इस दौरान 45 जिलों में नये मामलों की संख्या नौ अथवा उससे कम रही।

# नशेबाजी में चाचा की कुल्हाड़ी से हत्या

बहराइच, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में नशेबाजी में एक युवक ने अपने चाचा की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के सेमरहना गांव निवासी गुरुविंदर सिंह (40) अकेले रहता था। उसके बीवी बच्चे नही थे। उसका 18 वर्षीय भतीजा अंग्रेज सिंह पड़ोस में रहता है। बीती रात दोनों नशा करने के बाद झगड़ा कर मारपीट करने लगे। इसी झगड़े में अंग्रेज ने कुल्हाड़ी से चाचा की गला काटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मृतक के छोटे भाई नरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी। सूचना पर मोतीपुर थानाध्यक्ष आरपी यादव, जलिमनगर चौकी इंचार्ज अवधेश द्विवेदी, दरोगा रामबिलास यादव आदि पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मौके से कुल्हाड़ी, शराब की बोतल बरामद हुई है। आरोपी अंग्रेज सिंह को हिरासत में लेकर थाने लाया गया है। एसपी ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# कोविड–19 से बचाव का बृहद टीकाकरण शिविर का किया गया शुभारंभ

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। शक्तिनगर सोनभद्र एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय द्वारा कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों तथा अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए अपोलो मेडिक्स के माध्यम से बृहद कोविड टीकाकरण शिविर का शुभारंभ किया गया इसी कडी में सोमवार को सिंगरौली तथा विंधयाचल विद्युत गृह के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन एनटीपीसी–सिंगरौली आवासीय परिसर स्थित अधिकारी क्लब में किया गया जो अगले एक हफ्ते तक चलेगा शिविर का शुभारंभ एवं उदघाटन एनटीपीसी विध्याचल एवं एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना कार्यकारी निदेशक मुनीश जौहरी तथा देवाशीष चट्टोपाध्याय द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जी एम ओएंड एम सी एस श्रीनिवास, दोनो परियोजनाओं के सीएमओ डॉ बी सी चतुर्वेदी तथा डॉ एस. के. खरे एवं हेड आफ एचआर उत्तम लाल तथा वी शिवा प्रसाद के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

अवगत कराते चलाते कि टीकाकरण स्थल क्लब नं0–1 पर कोविड टीकाकरण की औपचारिकताओं के लिए पंजीकरण इत्यादि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है । जहां मानव संसाधन की टीम पंजीयन का कार्य कर रही है वहीं आई टी विभाग लाभार्थियों को अपने विभाग से संबंधित जैसे फोटो आवश्यक छाया प्रति टोकन वितरण जैसे कार्यो में सहयोग प्रदान कर रहे है सिविल एवं इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा आवश्यक सेवाएं दी जा रहीं हैं। अपोलो चिकित्सालय की टीम टीकाकरण कार्य को बाखुबी अंजाम दे रही है । इस कार्यक्रम से 18 से 45 आयुवर्ग के कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान उनके आश्रित परिवार जन सहित मेन प्लांट में कार्यरत संविदा श्रमिक लाभान्वित होगे। इसके लिए कोविन एप पर पंजीकरण एवं आधारकार्ड को आवश्यक बताया गया एनटीपीसी शक्ति नगर के जनसंपर्क अधिकारी आदेश कुमार पांडे ने बताया कि उदघाटन दिवस पर लगभग 500 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है जबकि लक्ष्य 3000 टीकाकरण का है।



# बहराइच में भतीजे ने की चाचा की हत्या

बहराइच, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में बहराइच के मोतीपुर क्षेत्र में भतीजे ने चाचा की हत्या कर दी। आरोपी भतीजे अग्रेंज को पुलिस ने आला कत्ल के साथ घर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने सोमवार को बताया कि थाना मोतीपुर के ग्राम सिमरहना निवासी नरेंद्र सिंह ने कल रात सूचना दी कि मेरे भाई गुरविंदर की हत्या मेरे भतीजे अंग्रेज ने कर दी है। तहरीरी सूचना के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अंग्रेज को गिरफ्तार कर आला कत्ल कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# तीन बीघे बाग ने बना दिया भाई को हत्यारा

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी/हरदोई। एक बार फिर संपत्ति की लालच में रिश्ते को किया कलंकित 3 बीघा बाग को लेकर सगे भाई ने साथियो के साथ मिलकर अपने भाई का बड़े बेरहमी से कत्ल कर दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो हत्यारो को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया ,जबकि तीसरे की तलाश पुलिस कर रही है। गिरफ्तार किए आरोपी छेदा पुत्र विष्णु वाल्मीकि तथा सरफुद्दीन पुत्र फुरकान निवासी पंडरवा किला को पुलिस ने जेल भेज दिया। दोनों हत्यारो को चठिया तिराहे से पुलिस ने गिरफ्तार किया ,पुलिस के मुताबिक सरफुद्दीन हत्या की बात कबूल करते हुए बताया कि उसका अपने भाई मृतक कल्लू शाह के साथ बाग बेचने को लेकर विवाद चल रहा था सरफुद्दीन तीन बीघा बाग बेचना चाह रहा था। लेकिन कल्लू शाह बेचने नहीं दे रहा था । जगह में रोड़ा बनता देख सरफुद्दीन ने छेदा व रामखिलावन के साथ मिलकर अपने भाई की हत्या कर दी।और उसके शव को तालाब में जाकर छिपा दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आल्हा कत्ल एक फरसा तथा एक फावड़ा बरामद कर लिया उल्लेखनीय है कि 2 दिन पूर्व मिरिया गांव में एक तालाब में एक शव बरामद हुआ था जिसकी शिनाख्त पंडरवा गांव निवासी कल्लू शाह के रूप में हुई।इस सम्बंध में मृतक कल्लू के पुत्र अफसर ने 2 दिन पूर्व कोतवाली में तहरीर देते हुए गांव के ही रामखेलावन के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया के रामखेलावन हमारे पिता कल्लू को हमारे घर से बुलाकर ले गए थे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। कोतवाल महेश चंद के कुशल नेतृत्व में इस घटना का खुलासा 2 दिन के अंदर करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि तीसरे आरोपी को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।घटना का खुलासा करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजेश सिंह, राजेंद्र सिंह अतुल कुमार ,दिलीप कुमार शामिल रहे।



# शराब बनाने के उपकरण व करीब 100 ली0 अवैध शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव के कुशल निर्देशउन्नाव के कुशल पर्यवेक्षण में शराब बिक्री/ निष्कर्षण रोकने हेतु निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में थाना मौरावां पुलिस व थाना आसीवन पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को करीब 100 लीटर अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया । थाना मौरावां थाना मौरावां पुलिस द्वारा अभियुक्ता दोहराना पत्नी स्व0 रामासरे नि0 मो0 बेनीगंज कस्बा व थाना मौरावां जनपद उन्नाव को 80 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 259/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी । थाना आसीवन थाना आसीवन पुलिस द्वारा अभियुक्त बृजेन्द्र सिंह पुत्र सूघर सिंह नि0 ग्राम जखैला थाना आसीवन जनपद उन्नाव को 15 लीटर अवैध मिश्रित देशी शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु.अ. स.118/2021 धारा 272 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी ।

# जिला दिव्यांगजन सशत्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने बताया कि दिव्यांगजन सशत्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के बारे में दी जानकारी

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पति में युवक के दिव्यांग होने की दशा में रूपये 15000.00 व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0 20000.00 तथा युवक–युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0 35000.00 की धनराशि प्रदान की जाती है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने पात्रता के बारे में बताया कि शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की आयु 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो, दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो।

दिव्यांग शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्श में सम्पन्न शादी–विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु



http//divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय व जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण पत्र (जिसमें जन्म तिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र एवं युवक एवं युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर आनलाइन करना अनिवार्य है, साथ ही ऑनलाइन सबमित आवेदन पत्र की प्रिंट प्रति एवं वांछित प्रपत्रों की हार्डकापी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी उन्नाव को प्राप्त कराये।

उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी उन्नाव में किसी भी कार्यदिवस अथवा मोबाइल नं0 9889826822 पर सम्पर्क कर सकते है।

# सम्पादकीय

## कोरोना ने स्थापित की है वैदिक संस्कारों की प्रासांगिकता

जीवन के बदलते मायने एक बार फिर पुरातन संस्कृति और संस्कारों की ओर बढने लगे हैं। व्यक्तिगत दूरी से लेकर अभिवादन तक के ढंग बदलने लगे हैं। आपसी व्यवहार के तरीकों से लेकर खानपान की रुचियां तक ने नये परिधान पहिन लिये हैं। दिनचर्या के अनुशासन आज प्रकृति के अनुरूप ढलने लगे हैं। योगा, व्यायाम और आसन सीखने वालों की होड लग रही है। मित्र और शत्रु के भेद उजागर होने लगे हैं। प्रकृति की ओर लौटने की होड लग रही है। वातानुकूलित कमरों को छोडकर लोग खुले आसमान के नीचे सुखानुभूति कर रहे हैं। नदी के पानी से प्यास बुझा रहे हैं। ताजी सब्जियों और फलों की खोज की जा रही है। शरीर के अन्दर की रोगप्रतिरोधक क्षमता के बढाने की दिशा में सक्रियता बढ रही है। आखिर यही तो थी हमारी वैदिक संस्कृति। हाथ जोडकर प्रणाम करना, बाहर से घर में आने के बाद सबसे पहले हाथ पैर धोना, कपडे बदलना, जूते चप्पल आदि को बाहर ही उतारना। प्रातःकाल के जागरण से लेकर रात के पहले चरण में शयन के मध्य अनुशासित दिनचर्या का अनुपालन करना। घर के सदस्य ब्दारा ही भोजन पकाना तथा आग्रह पूर्वक परोसना। परिवार के साथ ज्यादा समय व्यतीत करना। दूसरों के दुःख–दर्द में भागीदारी दर्ज करना। समाज में सहयोग और सहायता के भाव से क्रिया–कलाप करना। वर्तमान में पश्चिम के देश भी योगा से लेकर हमारी वैदिक संस्कृति को अपनाने लगे हैं और हम हैं कि पाश्चात्य के जंक फूड, फास्ट फूड, डिस्को, कैबरे, नाइट वर्क, किटी जैसे कचरे को इकट्ठा करने में स्वयं को सुसंस्कारित मान लेते हैं। इस कोरोना काल में संयुक्त परिवारों का महात्व भी समझ में आ गया है और वैदिक संस्कृति के अनुशासन का बोध भी हो गया है। जिस मास्क को जैन संतों ने सैकडों वर्ष पहले जीवन का अंग बना लिया था, आज वही हमारी मजबूरी बन गया है। हाथ धोने की पुरानी आदत फिर अपनाना पड रही है। दूर से अभिवादन और बात करने की रीति फिर से लागू हो गई है। पेडों की छांव और धरती की सौंधी गंध सुहाने लगी है। शहरों की भीड गांवों की ओर आना चाहती है। भौतिकवादी वस्तुओं का मोह कम होने लगा है। इतने सारे परिवर्तनों से आने वाले समय का रुख दिखने लगा है। भोग–विलास के संसाधनों और धन के अकूत भंडार भी इस महामारी में कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। ज्यादातर मौतों के आंकडे उपचार के अभाव या फिर वातानुकूलित अस्पतालों को ही रेखांकित कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों की समीक्षा बताती है कि प्रकृति के अनुरूप आचरण, उससे सामंजस्य और संतुलन ही एक मात्र उपाय है जिससे जीवन को स्वस्थ, सुरक्षित और संरक्षित रखा जा सकता है। वाहनों के प्रदूषण को जैसी स्थितियों को वायुमण्डलीय ताप की वृद्धि का कारण बताने वाले परमाणु परीक्षणों, उपग्रहों की स्थापना और खगोलीय प्रयोगों से उत्पन्न होने वाली खतरनाक ऊष्मा और विकरण वाली घातक किरणों को किन्हीं कारणों से निरंतर नजरंदाज कर रहे हैं। सीमाओं के विस्तार को वर्चस्व की जंग में विजय मानने वाले वास्तव में धरती के देवता बनना चाहते हैं और इसी हेतु मारक हथियारों में होड लगी है। जैविक हथियारों का प्रयोग किया जा रहा है और अब बारी है साइबर युध्द की। हाई टेक होने के नाम पर स्वयं अपनी ही मौत का सामान जोडने वाले चांद और मंगल पर बसने की मगृमारीचिका के पीछे भाग सकते हैं परन्तु वैदिक संस्कृति में रचे बसे लोग आज भी जीवन का आनन्द प्रकृति की गोद में बैठकर ही लेते हैं। कोरोना की तीव्रता में कमी भले ही आ गई हो परन्तु प्रोग्रामिंग करके तैयार किया गया यह वायरस अपने पांचों चरण पूरे किये बिना रुकने वाला नहीं है। यह अलग बात है कि उसके प्रभाव हम अपनी जागरूकता से कम करने हेतु प्रयासरत रहें परन्तु उसका पूरी तरह से निदान तो पांचवे चरण के बाद ही होना बताया जा रहा है। इस मध्य जीवन को बचाने के प्रयासों में वासनायें कहीं खो सी गई हैं। इच्छायें मर सी गई हैं। अपनों के स्वास्थ और खुशी के लिए जतन किये जा रहे हैं। यहीं तो है अध्यात्म के संरक्षण में प्रकृति के सामने स्वयं को समर्पित कर देना। वैदिक संस्कारों में गंगा (नदी), कामदगिरि (पर्वत), पीपल (वृक्ष), शालिगराम (पत्थर), अमरनाथ (वर्फ) जैसों को पूज्य मानकर उनकी उपासना का विधान दिया गया था। यह कोई अंध विश्वास नहीं है बल्कि संकेतात्मक सम्मान की परम्परा है। जिसके तहत हम प्रकृति के उपकार का आभार सकारात्मक भावनात्मक ऊर्जा तरंगों के माध्यम से करते हैं। यह सब तरंगों का ही तो खेल है चाहे हम उन्हें यंत्रों के माध्यम से मंगल से तस्वीरें प्राप्त करने में लगा दें या फिर अपनी पराशक्ति से मंगल तक की दूरी नापने में ऋषियों की रीति को अपना लें। बडे हवाई जहाज बनाने वाले भी अभी तक पुष्पक विमान की तरह का यान नहीं बना पाये जिसमें अनगिनत लोगों की यात्रा का प्रबंध होने के बाद भी एक स्थान रिक्त रहता था। आग लगाने वाली मिसाइलें बनने वाले अभी तक उस आग को एक झटके में बुझाने वाली मिशाइलें नहीं बना पाये। वैदिक रहस्यों की खोजना और प्रकृति से साथ सामंजस्य स्थापित करना आज समय की मांग हो गई है। अमेरिका जैसे विकसित देश में आज आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा पर हो रहे शोधों को तीव्रगति देने में जुट गये हैं। वहीं हम अपनी सम्पन्न धरोहर को हाशिये के बाहर छोडकर पश्चिम के कचरे को इकट्ठा करने में जुटे हैं। इस कोरोना में जहां अनगिनत आंखों को अपनों से बिछुडने का दर्द दिया है तो वहीं वैदिक संस्कारों की प्रासांगिकता भी स्थापित कर दी है। तो आइये लें वैदिक संस्कारों को जीवन का अंग बनाने का सतसंकल्प। इस सप्ताह बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# अनलॉक की प्रभावी रणनीति हो

इन दिनों वैश्विक स्तर पर दुनिया के विभिन्न देशों में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण हेतु लगाए गए लॉकडाउन के बाद अनलॉक किए जाने संबंधी विभिन्न शोध अध्ययन रिपोर्टों में कहा गया है कि अनलॉक की हड़बड़ी और कठोर नियंत्रण की कमी फिर से भारी पड़ सकती है। जर्मनी, ब्रिटेन, इटली समेत कई देश इस बात की नजीर हैं कि संक्रमण के पूर्ण काबू में आने से पहले प्रतिबंध हटाना घातक साबित हुआ है। गौरतलब है कि देश के विभिन्न राज्यों में कोरोना की दूसरी घातक लहर के बीच संक्रमण को रोकने के लिए अप्रैल और मई 2021 में स्थानीय स्तर पर उपयुक्तता के अनुरूप लॉकडाउन लगाए गए हैं। अब विभिन्न प्रदेशों के विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से लॉकडाउन खोला जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे में अब अनलॉक करने की प्रक्रिया बहुत सावधानी के साथ आगे बढ़ाई जानी होगी। चूंकि अभी कोरोना का खतरा बना हुआ है, अतएव अनलॉक की ऐसी रणनीति जरूरी है जिससे कोरोना को पूरी तरह मात दी जा सके और इस बहुरूपिए वायरस की वापसी के दरवाजे पूरी तरह बंद किए जा सकें। दुनिया में लॉकडाउन के बाद अनलॉक की प्रक्रिया के तहत वैज्ञानिकों और अर्थविशेषज्ञों के द्वारा आदर्श माने जा रहे अमरीकी राज्य न्यू हैंपशायर सहित विभिन्न देशों में जो रणनीतियां अपनाई हैं, उन्हें देश के विभिन्न राज्यों में अनलॉक करते समय स्थानीय जरूरतों के साथ–साथ ध्यान में अवश्य रखा जाना लाभप्रद हो सकता है। अब देश के विभिन्न राज्यों में अनलॉक की प्रक्रिया में उद्योग–कारोबार और अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए रणनीतिपूर्वक बाजार खोले जाने होंगे। उद्योग–कारोबार को अनलॉक करने के पहले चरण में जहां एक ओर बंद पड़े कारखानों और निर्माण गतिविधियों को चालू करने की छूट दी जानी होगी, वहीं आगामी दो माह तक दुकानें और कारोबार 6 से 8 घंटे के लिए खोले जाने उपयुक्त रहेंगे। शनिवार और रविवार को पूर्णतया जनता कर्फ्यू रहे। होटल और रेस्टोरेंट को सिर्फ अग्रिम बुकिंग पर खुली जगह में सीमित संख्या में ग्राहकों को खाना परोसने की इजाजत दी जाए।

अभी जिम, सिनेमा और पर्यटन जैसे कारोबारों को अनलॉक नहीं किया जाए। निःसंदेह उद्यमियों और कारोबारियों को यह ध्यान रखना होगा कि शहर खुलते ही बाजारों में भीड़ बढ़ेगी, अतएव दुकानों पर आने वाले ग्राहकों के लिए मास्क पहनने के साथ–साथ दो गज की दूरी बनाकर रखे जाने की अनिवार्यता हो। साथ ही जहां दुकानदार के लिए मास्क पहनने के साथ–साथ वैक्सीन का प्रमाणपत्र अनिवार्य हो। उद्योग–कारोबार संगठनों के द्वारा कर्मचारियों को टीका लगवाने के लिए विशेष प्रबंध सुनिश्चित करने होंगे। श्रमिकों को रोजगार के साथ टीकाकरण की सुविधा सुनिश्चित की जानी होगी। एक बार फिर कोरोना महामारी नियंत्रण के लिए सेंपलिंग पर जोर दिया जाना होगा। पांच फीसदी से कम संक्रमण दर वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक महामारी तभी नियंत्रित मानी जाएगी, जब दो सप्ताह से ज्यादा वक्त तक संक्रमण दर पांच फीसदी से कम रहे। माइक्रो कंटेनमेंट की रणनीति अपनाकर लोगों को किसी नए लॉकडाउन से बचाया जा सकेगा। वार्ड मैनेजमेंट के जरिए हर संक्रमित की निगरानी रखी जानी होगी। स्कूलों–कॉलेजों में टीचर–स्टाफ को कोरोना वैक्सीन लगाए जाने सुनिश्चित किए जाएं, ताकि स्कूल–कॉलेज खोलने की तैयारी शुरू की जाए। स्कूल–कॉलेजों को दो माह बाद शुरू किया जाए और शुरुआत में स्टूडेंट को 50 फीसदी क्षमता के आधार पर बुलाया जाए। चूंकि अभी भी लोग टीकाकरण से हिचक रहे हैं, अतएव सरकार के साथ–साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बन गई है कि वे वैक्सीन के लिए लोगों को प्रेरित करें और वैक्सीनेशन प्रक्रिया में हरसंभव मदद करें। कमजोर समूहों का हरसंभव टीकाकरण हो तथा प्रतिबंधों व लॉकडाउन में ढील देते समय यह महत्वपूर्ण आधार रहे। सबसे कमजोर आबादी समूह में तेज टीकाकरण की जरूरत है ताकि संक्रमण की रफ्तार बढ़ने के बावजूद मौतें कम से कम हों। जीवन बचाने और कोरोना महामारी को हराने में वैक्सीन की भूमिका महत्वपूर्ण है।

टीकाकरण को और अधिक सुनियोजित ढंग से किया जाना होगा। संक्रमण खत्म करने से आशय शत–प्रतिशत लोगों के टीकाकरण से नहीं है, बल्कि एक लक्ष्य के साथ लोगों में प्रतिरोधी क्षमता विकसित करना भी है। टीकाकरण की सफलता के मद्देनजर दुनिया में ब्राजील के सेराना शहर की भी मिसाल दी जा रही है। सेराना में 75 फीसदी आबादी को वैक्सीन की दोनों डोज दिए जाने पर कोविड–19 से होने वाली मौतें 95 फीसदी कम हो गईं। अस्पतालों में भर्ती होने वालों की संख्या में 86 फीसदी की कमी आई और मरीजों की संख्या में 80 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। कोविड–19 के मद्देनजर डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ के लिए विशेष वेकैंसी निकाली जाए और शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित की जानी होगी। सरकारी और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को वेतन तभी दिया जाए, जब वे वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट उपलब्ध करवाएं। जब तक विभिन्न प्रदेश 'हर्ड इम्युनिटी' हासिल करने के करीब नहीं पहुंच जाते, तब तक सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना, दो मीटर की सामाजिक दूरी बनाना, समय–समय पर साबुन से हाथ धोते रहना और भीड़ जुटाने से बचने जैसी जरूरतों के लिए लगातार जन जागरण करना होगा। साथ ही कोविड–19 के दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी रूप से जुर्माना लगाना होगा। विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक परिवहन के तहत कोविड–19 दिशा निर्देशों का पालन कठोरतापूर्वक कराना होगा। सरकार के द्वारा टीकाकरण की पूरी सुविधा उपलब्ध कराए जाने के बाद सिर्फ उन्हीं लोगों को सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होने की छूट दी जानी होगी जिन्होंने टीका लगवा लिया है। पार्टी में शामिल होने के लिए कोरोना की नेगेटिव रिपोर्ट या वैक्सीनेशन कार्ड दिखाना अनिवार्य किया जाना होगा। चूंकि लॉकडाउन हटने के बाद लोग अपने कामों के लिए बड़ी संख्या में सरकारी दफ्तरों की ओर जाते हुए दिखाई देंगे, ऐसे में लोगों की यह भीड़ कोरोना संक्रमण की बड़ी वजह बन सकती है।

इसलिए अब ई–गवर्नेंस की व्यवस्था को और प्रभावी बनाना होगा। अधिक सरकारी कार्यों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर लाना होगा। चूंक अभी भी देश में कोरोना महामारी की तीसरी लहर आने की आशंका जाहिर की जा रही है, अतएव कोरोना प्रभावित राज्यों के साथ–साथ अन्य सभी राज्यों में कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए स्वास्थ्य ढांचे की बुनियादी तैयारियों के साथ–साथ जीवन में योग एवं अच्छी जीवनशैली को आत्मसात किए जाने की रणनीति पर ध्यान दिया जाना होगा। वस्तुतः हवा में विभिन्न सूक्ष्म जीवाणुओं का वास रहता है। जब हम खुले मुंह सांस लेते हैं और एक–दूसरे के संपर्क में आकर बात करते हैं तो उस समय वातावरण में फैले अति सूक्ष्म जीवाणु हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसलिए इनसे बचने के लिए मास्क लगाए जाने एवं सामाजिक दूरी के मंत्र को जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाना होगा। साथ ही कोरोना काल में अब अभिवादन के लिए हाथ मिलाने और गले मिलने की बजाय हाथ जोड़ने के तरीके को जीवन का अंग बनाना होगा। हम उम्मीद करें कि विभिन्न राज्य सरकारों के द्वारा लॉकडाउन को खोलने की प्रक्रिया में स्थानीय जरूरतों के साथ–साथ इन विभिन्न रणनीतिक सुझावों पर अवश्य ध्यान दिया जाएगा। इससे जहां अर्थव्यवस्था को बड़ी गिरावट से रोका जा सकेगा, वहीं कोरोना से प्रभावित वर्गों के दुख–दर्द कम किए जा सकेंगे।

# सुधीर त्रिपाठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरक्षा प्रकोष्ठ बनाया गया

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी/हरदोई। ब्राह्मणों पर आए दिन हो रहे अत्याचार को लेकर तथा छात्र जीवन से हिंदुओं और ब्राह्मणों के उत्थान के लिए सुधीर त्रिपाठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया । इसके पूर्व में संदीप त्रिपाठी राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ सुरक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष थे,सुधीर त्रिपाठी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उनके शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की तथा उनके आवास पर पहुंचकर जिला अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने मिठाई



खिलाकर शुभकामनाएं दी साथ में सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि हम ब्राह्मणों के लिए सदैव संघर्ष करते रहेंगे साथ में विपिन मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष मंजुल मिश्र को नगर महासचिव उपेंद्र मिश्र को मीडिया प्रभारी तथा उमेश तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति दी गई इन सभी लोगों ने अपने पद को सम्मान पूर्वक तथा इमानदारी से पद पर कार्य करने के लिए संकल्प लिया।



अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। मोहान विधानसभा क्षेत्र उन्नाव जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आरती वाजपेई व प्रभारी प्रदीप कनौजिया के साथ औरास ब्लॉक के विभिन्न गाँवो में जाकर माननीय प्रियंका गांधी का पत्र जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधानों को सौंपा। शंकर लाल गौतम

# यूपी डी एल एड 2019 बैच को प्रोमोट करे सरकार: शौजब हसन जैदी

### यू पी डी एल एड 2019 बैच के करीब 1.70 हजार प्रशिक्षु को प्रमोट करे सरकार: शौजब हसन जैदी



अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी,हरदोई। मिशन सुरक्षा परिषद हरदोई के जिला अध्यक्ष शौजब हसन जैदी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से और यूपी के शिक्षामंत्री से डी एल एड 2019 तीसरे सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को बिना किसी भेद भाव के प्रोन्नत करने की मांग रखी है शौजब हसन जैदी ने कहा तीसरा सेमेस्टर में देर हो चुकी है कोरोना काल के चलते परीक्षा कराना भी सम्भव नही है और सरकार के मंशानुरूप दो वर्ष में पूर्ण होने वाला डी एल एड का कोर्स पूरा होने में तीसरा साल लग गया है परंतु अभी भी सिर्फ प्रथम वर्ष ही पूर्ण हुआ है ऐसे में यदि इन विद्यार्थियों को प्रोन्नत नही किया गया तो इनका साल बर्बाद हो जाएगा साथ ही ये बच्चे TET की परीक्षा में भी बैठकर आगे की तैयारी में भी समस्याएं आएंगी। प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों को बिना किसी भेदभाव सीधे चौथे सेमेस्टर में बैठने की अनुमति देनी चाहिए जिससे इन बच्चों का भविष्य अंधकारमय होने से बच सके।

## शारदा नहर में अधेड़ व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला

अवध की आवाज ब्यूरो

पिहानी/हरदोई। पिहानी थाना क्षेत्र के निपनिया शारदा नहर में अधेड़ व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों के मुताबिक शव पूरी तरीके फूल चुका था।सूचना पर पहुंचे कोतवाल महेश चंद एसआई धीरेन्द्र यादव,मुकुल दुबे,नितिन गिरी,सुशील कुमार,अतुल राणा ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को शारदा नहर से बाहर निकालकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शव की शिनाख्त नही हुई।



# कोरोना महामारी में सरकार ने की आंकड़ों की बाजीगारी: प्रियंका गांधी

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस महा सचिव प्रियंका गाँधी ने "जिम्मेदार कौन" अभियान में केंद्र सरकार द्वारा कोरोना से सम्बंधित आंकड़ें छिपाने और आकंड़ों की बाजीगरी करने पर महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आंकड़ों को अपनी छवि बचाने के माध्यम की तरह क्यों प्रस्तुत करती है? क्या इनके नेताओं की छवि, लाखों देशवासियों की जान से ज्यादा महत्वपूर्ण है? सही आंकड़ें अधिकतम भारतीयों को इस वायरस के प्रभाव से बचा सकते हैं। आखिर क्यों सरकार ने आंकड़ों को प्रोपेगंडा का माध्यम बनाया न कि प्रोटेक्शन का ? प्रियंका गाँधी ने कुछ उदाहरणों को रखते हुए केंद्र सरकार से जिम्मेदारी लेने की मांग की है और कहा कि सरकार को इसका जवाब देना होगा. उन्होंने कहा कि सरकार ने शुरू से ही कोरोना वायरस से हुई मौतों एवं कोरोना संक्रमण की संख्या को जनसँख्या के अनुपात में दिखाया मगर टेस्टिंग के आंकड़ों की टोटल संख्या बताई। आज भी वैक्सीनेशन के आँकड़ों की टोटल संख्या दी जा रही है आबादी का अनुपात नहीं और उसमें पहली व दूसरी डोज को एक में ही जोड़कर बताया जा रहा है। ये आंकड़ों की बाजीगरी है। प्रियंका गाँधी ने देश के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा उठाये गए सवालों पर केन्द्र सरकार से जवाब माँगा है। उन्होंने कहा कि आखिर क्यों वैज्ञानिकों द्वारा बार–बार मांगने के बावजूद कोरोना वायरस के बर्ताव एवं बारीक अध्ययन से जुड़े आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया गया? जबकि इन आँकड़ों को सार्वजनिक करने से वायरस की गति और फैलाव की जानकारी ठीक तरह से होती और हजारों जानें बच सकती थीं? प्रियंका गाँधी ने कहा कि जागरूकता का साधन बनाने की बजाय सरकार ने आँकड़ों को बाजीगरी का माध्यम बना डाला।




अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी पुलिस की सक्रियता से नाबालिक किशोरी का अपहरता गिरफ्तार।बीते दिनों नकहा कस्बे से 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी को थाना प्रभारी फतेह सिंह की सक्रियता से नकहा चौकी प्रभारी नरेंद्र प्रताप, आरक्षी तेजपाल, संदीप वर्मा, महिला आरक्षी वर्षा यादव ने बाहर भागने की फिराक में लखीमपुर बस स्टैंड्स से बरामद कर लिया

## मां ने डांटा तो पेड़ पर लगा ली फांसी

औरैया, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के फफूंद क्षेत्र में मां की डांट से क्षुब्ध होकर एक युवक ने नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के फूटताल गांव के मजरा फतेहपुर लख्मी निवासी महेश चन्द्र कठेरिया का 22 वर्षीय पुत्र श्याम बाबू बीती रात देर से घर पहुंचा तो मां गुलाब देवी ने विलम्ब से आने के कारण डांट फटकार दिया जिससे नाराज होकर युवक देर रात शौच क्रिया के बहाने घर से बाहर निकल गया। देर तक वापिस न आने पर भाइयों ने गांव में तलाश किया लेकिन कहीं पता नही चला। पिता घर पर नही था वह ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने गया था। सोमवार को सुबह ग्रामीणों ने उसका शव गांव से करीब एक किलोमीटर दूर बम्बा के पास स्थित लालाराम के खेत में अंगौछा के फंदे के सहारे नीम के पेड़ पर लटका देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मनरेगा में मजदूरी करता था जबकि पिता ईंट भट्ठा पर रहकर ईंट पाथने का काम करता है।

# बसपा नेता मोहम्मद इस्लाम ने थामा रालोद का दामन

लखनऊ, (वेबवार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व प्रधान महासचिव और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी चौधरी मोहम्मद इस्लाम ने सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की सदस्यता हासिल की। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात करने के बाद सोमवार को इस्लाम ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और मिशन 2022 की चुनावी तैयारियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की कटिबद्धता जाहिर की। इस्लाम 1989 में बसपा के टिकट पर कैराना लोकसभा चुनाव लड़ें,और 1993 में बसपा के ही टिकट से थानाभवन विधानसभा सीट पर भी चुनाव लड़ें। वह शामली विधानसभा के प्रत्याशी भी रहे। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुपम मिश्रा ने बताया कि पार्टी के बढ़ते जनाधार व जनता के मध्य जयंत चौधरी की बढ़ती लोकप्रियता से कई दलों के राजनेता आने वाले दिनों में पार्टी में शामिल होंगे।

# कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ इंस्टाग्राम पर लौटीं, शेयर की बिकीनी में तस्वीर



मुंबई, (वेबवार्ता)। कटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ अपने फोटोज को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। हालांकि, लंबे वक्त से उन्होंने इंस्टाग्राम पर कोई पोस्ट शेयर नहीं किया था लेकिन अब एक जबरदस्त तस्वीर के साथ उन्होंने कमबैक किया है।

इसाबेल ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह बीच के किनारे इंजॉय करती नजर आ रही हैं। इसाबेल फोटो में बिकीनी में दिख रही हैं और उनका यह अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है।

अब कॉमेंट सेक्शन में कोई दिल वाले इमोजी बना रहा है तो कोई फायर वाले इमोजी पोस्ट कर रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'ओह माइ गॉड!! काफी वक्त बाद... आपको सच में बहुत मिस किया।'

हाल ही मे इसाबेल तब सुर्खियों में आई थीं जब उन्होंने 'फ्रेंड्स रीयूनियन' का ट्रेलर देखने के बाद रिऐक्ट किया था। उन्होंने एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी में ट्रेलर शेयर किया था और कैप्शन में 'इट्स द वन' लिखा था।

# केआरके ने कहा– एमएफ हुसैन की तरह छोड़ सकता हूं भारत, फिल्म रिव्यू से कोई कानून नहीं रोक सकता

मुंबई, (वेबवार्ता)। ऐक्टर और क्रिटिक कमाल आर खान ने शनिवार को आरोप लगाया कि 'बॉलिवुड के लोग' उन्हें परेशान कर रहे हैं। अगर ऐसा ही रहा तो कानूनी केस से बचने के लिए वह भारत को हमेशा के लिए छोड़ देंगे। खान ने ट्विटर पर वार्निंग देते हुए कहा कि उन्हें बहुत ज्यादा पुश ना किया जाए क्योंकि उनके पास कई सारे वीडियोज और सीक्रेट्स हैं जिन्हें वह रिलीज कर सकते हैं।

कमाल ने ट्वीट किया, 'मैं फिल्मों के रिव्यू को बंद करने के बेहद करीब था लेकिन फिर मैं इससे दूर ही चला गया। मुझे लगता है कि हमेशा के लिए दूर चला जाऊं क्योंकि मेरी उम्र और ज्यादा स्ट्रगल करने की नहीं है। जिस तरह बॉलिवुड के लोग मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं, मैं एमएफ हुसैन की तरह ही भारत हमेशा के लिए छोड़ सकता हूं। इस तरह मुझे कोई केस फेस नहीं करना पड़ेगा।'

एक और ट्वीट में केआरके ने लिखा, 'बॉलिवुड के लोगों को समझना चाहिए कि वे मुझे सिर्फ कोर्ट के जरिए रोक सकते हैं, अगर मैं भारत आता हूं। एक बार मैंने पूरी तरह से भारत को छोड़ दिया तो कोई कानून मुझे फिल्मों के रिव्यू से रोक नहीं पाएगा। अगर मैंने भारत छोड़ दिया तो बॉलिवुड के लोग पूरी जिंदगी पछताएंगे क्योंकि भाईचारा खत्म हो चुका होगा।'

एक और ट्वीट में कमाल लिखते हैं, 'ऐसे में बेहतर है कि मुझे ज्यादा पुश ना किया जाए। मेरे पास कई वीडियोज और सीक्रेट्स हैं जिससे मैं बॉलिवुडवालों की चड्ढी उतार सकता हूं। और अगर मैंने भारत छोड़ दिया तो फिर मैं ये सब बड़ी धूमधाम से करूंगा। अच्छी तरह से नोट कर लेना, जो मैं आज कह रहा हूं। मजे करो।'

उन्होंने आगे लिखा, 'मेरी फिल्मों के रिव्यू में दिलचस्पी नहीं है लेकिन दुर्भाग्यवश ये बॉलिवुडवाले मुझे ऐसा करने के लिए फोर्स कर रहे हैं। थैंक्स।'

बता दें, केआरके पिछले महीने से तभी से चर्चा में हैं जब से उन्होंने फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वॉन्टेड भाई' का नेगेटिव रिव्यू किया है। केआरके ने कहा कि उनके रिव्यू के बाद सलमान की ओर से उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा गया। हालांकि, सलमान के वकीलों का कहना है कि नोटिस रिव्यू की वजह से नहीं बल्कि सलमान के खिलाफ किए गए आपत्तिजनक कॉमेंट्स को लेकर भेजा गया है।

# मई में चीन का निर्यात 28 प्रतिशत, आयात 51 प्रतिशत बढ़ा

बीजिंग, (वेबवार्ता)। अमेरिका और अन्य बाजारों की मांग सुधरने से मई में चीन के निर्यात में करीब 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं इस दौरान उसका आयात 51 प्रतिशत बढ़ गया। दुनिया के विभिन्न देश अब कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव से उबर रहे हैं। इस पुनरुद्धार की अगुवाई चीन कर रहा है। जिन देशों में टीकाकरण अधिक तेजी से हो रहा है, वहां के हालात अधिक तेजी से सुधर रहे हैं। चीन के सीमा शुल्क विभाग के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस साल के पहले पांच माह में निर्यात 40 प्रतिशत बढ़ा है। 2019 में समान अवधि में निर्यात 29 प्रतिशत बढ़ा था। मई में चीन का निर्यात 263.9 अरब डॉलर रहा, जो पिछले माह के स्तर के बराबर है। वहीं मई में चीन का आयात 218.4 अरब डॉलर रहा, जो अप्रैल की तुलना में 1.2 प्रतिशत कम है। मई में चीन का व्यापार अधिशेष 45.53 अरब डॉलर रहा। यह एक साल पहले की तुलना में 26.5 प्रतिशत कम है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार दूसरे दिन बढ़े

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। पेट्रोल-डीजल के दाम सोमवार को लगातार दूसरे दिन बढ़कर नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये। देश के चार महानगरों में आज दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम 28 पैसे तक बढ़ गये। गत 04 मई से अब तक 20 दिन पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाये गये हैं जबकि शेष 15 दिन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान दिल्ली में पेट्रोल 4.91 रुपये तथा डीजल 5.49 रुपये महंगा हो चुका है। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 28 पैसे बढ़कर 95.31 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई। डीजल दिल्ली में 27 पैसे महंगा हुआ और इसकी कीमत 86.22 रुपये प्रति लीटर हो गई। मुंबई में पेट्रोल 27 पैसे और डीजल 28 पैसे महंगा हुआ। वहां एक लीटर पेट्रोल 101.52 रुपये और एक लीटर डीजल 93.58 रुपये का बिका। कोलकाता में पेट्रोल 26 पैसे महंगा होकर 95.28 रुपये और डीजल 27 पैसे महंगा होकर 89.07 रुपये प्रति लीटर पर रहा। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 24 पैसे और डीजल की 26 पैसे बढ़ी। वहां एक लीटर पेट्रोल 96.71 रुपये और एक लीटर डीजल 90.92 रुपये का मिला। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नई कीमतें लागू की जाती हैं।

# तमिलनाडु में जून के अंत तक सभी नीलगिरी आदिवासियों का टीकाकरण

चेन्नई, (वेबवार्ता)। तमिलनाडु की सरकार ने इस महीने के अंत तक नीलगिरि जिले के सभी 21,493 आदिवासियों का टीकाकरण करने की योजना बना रही है। राज्य के जन स्वास्थ्य विभाग ने रविवार रात एक बयान में कहा कि उनके द्वारा जिले की सभी जनजातियों का टीकाकरण कराया जाएगा। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के राज्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने रविवार को उधगमंडलम की अपनी यात्रा के दौरान संवाददाताओं से कहा कि नीलगिरि जिले के 21,493 आदिवासियों में से अब तक केवल 3,000 को टीका लगाया गया है। राज्य का लक्ष्य सभी का टीकाकरण करना है। जन स्वास्थ्य कार्यालय ने बताया कि मंत्री ने राज्य के वन मंत्री के. रामचंद्रन, स्वास्थ्य सचिव जे. राधाकृष्णन और नीलगिरि जिला कलेक्टर इनोसेंट दिव्या के साथ चेम्मनाथम की आदिवासी कॉलोनी का दौरा किया था। सुब्रमण्यम ने बताया, हां, मैंने चेम्मनाथम आदिवासी बस्ती का दौरा किया है और जिला प्रशासन से वहां रहने वाले सभी 172 आदिवासी लोगों को टीका लगाने का आह्वान किया है। उन्होंने आगे कहा, हमने सभी आदिवासियों को टीका लगाने के लिए एक विशेष अभियान की भी योजना बनाई है और जून के अंत तक की इस समय सीमा में सभी का टीकाकरण पूरा करने के लिए टीके की 18,000 खुराक जिले में लाई जाएंगी। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य को अब तक 1.15 करोड़ कोविड-19 वैक्सीन की खुराक मिल चुकी है और जून में अन्य 42 लाख खुराक के मिलने की उम्मीद है। मंत्री ने उधगमंडलम में सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण और ऑक्सीजन भंडारण टैंक का भी निरीक्षण किया।

# अभिनेता दिलीप कुमार की तबीयत में सुधार

मुंबई, (वेबवार्ता)। मशहूर फिल्म अभिनेता दिलीप कुमार की तबीयत में सुधार हो रहा है। डॉ. जलील पारकर की देखरेख में दिलीप कुमार को आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। दिलीप कुमार की पत्नी एवं मशहूर फिल्म अभिनेत्री शायरा बानो ने सोमवार को मीडिया को बताया कि दिलीप कुमार की तबीयत में सुधार हो रहा है, लेकिन कुछ लोगों ने दिलीप कुमार की मौत की अफवाह फैलाने का प्रयास किया, जो गलत है। शायरा बानो ने कहा कि दिलीप कुमार दो-तीन दिन में पूरी तरह स्वस्थ्य होकर घर लौटेंगे, लोगों की दुआ उनके साथ है। डॉ. पारकर ने बताया कि दिलीप कुमार को आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है। दिलीप कुमार को रविवार को सुबह सांस में तकलीफ होने की वजह से खार स्थित पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल पहुंचकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने उनका हालचाल जाना था। उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण के कारण पिछले वर्ष दिलीप कुमार के दो छोटे भाइयों का निधन हो गया। पिछले साल 21 अगस्त को 88 साल के असलम का और फिर दो सितंबर को 90 वर्षीय अहसान चल बसे। इसके चलते सायरा बानो और दिलीप कुमार ने अपनी शादी की 54वीं सालगिरह का जश्न नहीं मनाया था।

# संजय श्रीवास्तव बने हिन्दू व्यापारी सभा के अध्यक्ष

लखनऊ, (वेबवार्ता)। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने लखनऊ के व्यापारी नेता संजय श्रीवास्तव को हिन्दू व्यापारी सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी त्रिदंडीजी महाराज के निर्देश पर यह नियुक्ति कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र द्विवेदी ने की है। महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता भास्कर मिश्र ने बताया कि हिन्दू व्यापारियों के आर्थिक, सामाजिक और व्यावसायिक हित में पुनर्गठित हिन्दू व्यापारी सभा की 40 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है और प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर सूची राष्ट्रीय कार्यकारिणी को सौंपी गयी है। उन्होने कहा कि देश का व्यापारी समाज उनके नेतृत्व में एकजुट होकर राष्ट्र को मजबूती प्रदान करेंगे।

# लोहिया संस्थान और पीजीआई की ओपीडी सेवा शुरू

*लखनऊ (वेबवार्ता)। लखनऊ में लोहिया संस्थान और संजय गांधी पीजीआई में ओपीडी सेवा सोमवार को शुरू कर दिया गया। दोनों ही सर्व सुविधायुक्त अस्पतालों में सुबह से मरीजों का पहुंचना भी शुरू हुआ। फिलहाल दोनों अस्पतालों में कुल 160 मरीजों को ही प्रतिदिन देखा जाएगा। संजय गांधी पीजीआई में ओपीडी में बैठने वाले चिकित्सकों द्वारा 40 पुराने और मात्र 20 ही नए मरीजों को देखने की व्यवस्था बन पायी। बाहर से आने वाले मरीजों को इसमें पहले प्राथमिकता दी जा रही है। लोहिया संस्थान के प्रबन्धन की ओर से प्रतिदिन 100 मरीज देखना ही तय किया गया, जिसमें 50 नए और 50 पुराने मरीजों को देखने की व्यवस्था रखी गयी। कोरोना महामारी के संकट से उभर रहे लखनऊ में दोनों ही अस्पतालों में मरीजों को सबसे पहले कोविड जांच कराना पड़ रहा है। जांच रिपोर्ट के आने पर निगेटिव रिपोर्ट वाले मरीज ही चिकित्सक को दिखा पा रहे है।*

## पाकिस्तान में दो यात्री ट्रेनों की भिड़ंत, 30 की मौत

इस्लामाबाद, (वेबवार्ता)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के घोटकी जिले में सोमवार को दो ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 30 यात्रियों की मौत हो गयी तथा कई अन्य घायल हो गये। बताया जाता है कि लाहौर से कराची जा रही सर सैयद एक्सप्रेस ट्रेन मिल्लत एक्सप्रेस से टकरा गई जो कराची से सरगोधा के रास्ते में पटरी से उतर गई थी। इससे मिल्लत एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बे पलट गए। घोटकी के उपायुक्त उस्मान अब्दुल्लाह ने कहा कि इस घटना में कम से कम 30 लोगों की मौत हुयी है और कई अन्य घायल हैं। उन्होंने कहा कि कई लोग अभी भी ट्रेन के डिब्बों में फंसे हुए हैं। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं तथा मौके पर बचाव का काम किया जा रहा है। हादसे की वजहों का अब तक पता नहीं चल सका है।

## दिल्ली में अनलॉक के तहत मेट्रो शुरू, बाजार खुले, केजरीवाल ने लोगों से कोविड उपयुक्त व्यवहार की अपील

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में अनलॉक की प्रक्रिया के दौरान लोगों से कोविड उपयुक्त व्यवहार करने की सोमवार को अपील की। से बच कर भी रहना है और अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर भी लाना है।

मॉल, बाजार और मार्केट कॉम्प्लेक्स सुबह दस बजे से रात आठ बजे तक सम–विषम आधार पर खुलेंगे।



केजरीवाल ने शनिवार को लॉकडाउन में और छूट देने की घोषणा करते हुए कहा था कि सात जून से दिल्ली मेट्रो 50 फीसदी क्षमता के साथ चलेगी तथा बाजार और मॉल सम–विषम आधार पर खुलेंगे।

उन्होंने हिंदी में ट्वीट किया, ''आज से दिल्ली में कई गतिविधियाँ फिर से शुरू हो रही हैं। पर कोरोना से बचाव के सभी एहतियात पूरी तरह से बरतें – मास्क पहनें, सामाजिक दूरी बनाए रखें और हाथ धोते रहें, बिल्कुल ढिलाई नहीं करनी।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''कोरोना संक्रमण सोमवार से दिल्ली मेट्रो का परिचालन भी बहाल हो गया। मेट्रो की सेवा करीब तीन हफ्ते के अंतराल के बाद बहाल की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो में उसकी क्षमता के 50 फीसदी यात्री ही बैठ सकेंगे तथा खड़े रहकर यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी।

डीएमआरसी के एक अधिकारी ने रविवार को कहा था, ''मेट्रो की विभिन्न लाइनों पर केवल आधी ट्रेनों का ही संचालन किया जाएगा और हर पांच से 15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो मिला करेगी।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के निशुल्क राशन से गरीब परिवारों के खिले चेहरे

### जिले के 4 लाख 23 हजार कार्ड धारकों को निशुल्क मिला राशन

सुलतानपुर (वेबवार्ता)। कोरोना संक्रमण से जहां लोगों ने अपनों को खोया है, वहीं आंशिक बंदी से लोगों के काम–धंधा भी प्रभावित हुए हैं। इस आपदा के दौरान गरीबों को राशन की समस्या न हो इसके लिए योगी सरकार ने निशुल्क खाद्यान्न देकर संजीवनी का काम किया है। गौरतलब है कि जिले में गरीब परिवारों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 3 जून से जनपद के 4 लाख 65 हजार कार्ड धारकों में से अब तक 4 लाख 23 हजार कार्ड धारकों को निशुल्क राशन का वितरण किया जा चुका है। जिला पूर्ति अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि जनपद में 15 जून तक निर्धारित 18 लाख 70 हजार यूनिटों पर 5 किलो प्रति यूनिट (तीन किलो गेहूं व दो किलो चावल) खाद्यान्न का निशुल्क वितरण किया जाएगा। प्रध ाानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तीसरे चरण में अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के लिए निशुल्क राशन वितरण गुरुवार से शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि 95 प्रतिशत परिवारों को निशुल्क राशन का वितरण किया जा चुका है। राशन वितरण का जायजा लेने के लिए सुबह से ही जिला प्रशासन की टीमें अलग–अलग जगहों पर जाकर दुकानों का निरीक्षण कर रही है। राशन डीलर राजेश रंजन ने बताया कि प्रति यूनिट को 5 किलो खाद्यान्न दिया जा रहा है। राशन मिलने के बाद गरीबों के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिल रही है। लाभार्थी विजय सिंह ने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान कामकाज बन्द हो गया था। सरकार ने हम गरीबों को बड़ी राहत दी है। क्षितिज नाथ ने कहा कि सरकार ने किसी भी प्रकार के जातिपांति एवं पार्टीवाद का भेदभाव नहीं किया है। हर गरीब को राशन निशुल्क राशन दिया है। सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। लाभार्थी विजय सिंह गौतम, कुसुम, आबिदा, अब्दुल वाहिद, शाहिदा, निर्मला निषाद समेत अन्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गरीबों की सरकार की संज्ञा दी।

## अजमेर दरगाह में चढावा को लेकर फिर विवाद उभरा

अजमेर, (वेबवार्ता)। राजस्थान में अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में नजराना (चढ़ावा) को लेकर फिर विवाद सामने आया हैं।

दरगाह में नजराने को लेकर दरगाह कमेटी, अंजुमन सैयद जादगान एवं अंजुमन शेख जादगान के बीच शीत युद्ध चल रहा है और अब दरगाह कमेटी द्वारा पुलिस का दरवाजा भी खटखटाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरगाह परिसर में खादिम फैजल चिश्ती के कोरोना लॉकडाउन के बावजूद नजराना मांगने की बात सामने आई हैं। जिस पर दरगाह कमेटी ने कड़ा एतराज जताते हुए दोनों अंजुमनों को लिखित नोटिस भेज जवाब तलब किया है लेकिन फिलहाल दोनों अंजुमनों से वापसी में कोई जवाब नहीं दिया गया है लेकिन नाजिम अशफाक हुसैन ने नजराना प्राप्त करने का अधिकार दरगाह कमेटी का बताते हुए दरगाह पुलिस को पत्र की प्रति के साथ सूचना भेजी है और पूछा है कि दरगाह की सुरक्षा और पुलिस पहरे में चल रहे लॉकडाउन के बावजूद दरगाह में प्रवेश कैसे हो गया।

पिछले एक हफ्ते से दरगाह से लाइव जियारत एवं वीडियो अपलोड की बात सामने आने के बाद दरगाह कमेटी ने कड़ा एतराज दर्ज कराया था। दोनों अंजुमन के पदाधिकारी भी दरगाह का वीडियो बनाने के सख्त खिलाफ है लेकिन अपने किसी खादिम के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई है।

दरगाह कमेटी ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि खादिम फैजल ने दरगाह एक्ट 1955 का उल्लंघन कर अकीदतमंदों से नजराना प्राप्त करने का जो प्रयास किया है वह अधिकार सिर्फ दरगाह कमेटी को है। दूसरी ओर दरगाह से जुड़े खादिमों का कहना है कि नाजिम का नोटिस खादिमों के अधिकार पर कुठाराघात है। दरगाह के अंदर नजराना लेने का अधिकार खादिमों का ही है।

उल्लेखनीय है कि नजराने के लिए दरगाह परिसर में अलग अलग रंग की पेटियां रखी हुई है और उसके अनुसार ही में नजराने का बंटवारा होता है लेकिन कोरोना के चलते लॉकडाउन के कारण फिलहाल दरगाह में जायरीनों के लिए प्रवेश बंद है।

## पीएम से मेडिकल स्टाफ के लिए उचित माहौल सुनिश्चित करने का आग्रह

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि वह काउंसिल की लंबे समय से लंबित याचिकाओं को हल करने के लिए हस्तक्षेप करें और मानसिक और शारीरिक भय के बिना चिकित्सा पेशेवरों के लिए उचित माहौल सुनिश्चित करें। मेडिकल काउंसिल ने आईसीएमआर और कोविड के मार्गदर्शन के साथ ही मंत्रालय द्वारा समय–समय पर जारी किए गए टीकों और आधुनिक चिकित्सा के साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक प्रोटोकॉल के संबंध में अविश्वास और गलत सूचना फैलाने के कुछ लोगों के निरंतर प्रयासों पर नाराजगी व्यक्त की। डॉक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के खिलाफ शारीरिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं को उठाते हुए, आईएमए ने कहा कि असम में एक युवा डॉक्टर पर क्रूर हमला और देश भर में महिला डॉक्टरों और यहां तक कि अनुभवी चिकित्सकों पर हमले से चिकित्सक मानसिक आघात का सामना कर रहे हैं। हजारों लोगों की समर्पित सेवा के कारण कई युवा डॉक्टरों ने भी अपनी जान गंवाई है, जिसने न केवल डॉक्टरों को बल्कि उनके कई करीबी परिवार के सदस्यों को भी प्रभावित किया है। ऐसे मामले हैं जहां पति और पत्नी दोनों डॉक्टर थे और कोरोना से उनके निधन के बाद उनके बच्चे अनाथ हो गए। हमारे डॉक्टरों पर निरंतर और चल रहे शारीरिक और मानसिक हमले के साथ–साथ निहित स्वार्थ वाले कुछ लोगों द्वारा आधुनिक चिकित्सा और टीकाकरण के खिलाफ गलत सूचना का उद्देश्यपूर्ण प्रसार कर रहे हैं। आईएमए ने कहा, हम एक बार फिर से आपसे (प्रधान मंत्री से) व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने और हमारी लंबे समय से लंबित याचिकाओं को हल करने के लिए अपील करने के लिए विवश है। आईएमए ने उल्लेख किया कि पूरी चिकित्सा बिरादरी कोविड –19 के खिलाफ युद्ध में अग्रिम मोर्चे पर जूझ रही है और इस युद्ध में अपने सक्रिय दिग्गजों और गतिशील युवाओं में से 1,400 लोगों की जान भी चली गई है। आईएमए ने प्रधानमंत्री से अपील की कि वे टीकाकरण अभियान के खिलाफ गलत सूचना फैलाने वालों को कानून की जद में लगाएं और दंडित करें। कोविड –19 महामारी के खिलाफ युद्ध में अपनी जान गंवाने वाले डॉक्टरों को उनके बलिदान की स्वीकार्यता के साथ कोविड शहीदों के रूप में पहचाना जाना चाहिए और उनके परिवारों को सरकार द्वारा विधिवत समर्थन दिया जाना चाहिए। आईएमए ने प्रधानमंत्री से इन सभी पीड़ितों की पहचान और सत्यापन के लिए एक प्रभावी तंत्र बनाने का भी अनुरोध किया।

## कोवैक्सीन के परीक्षण के लिए एम्स में बच्चों की जांच शुरू

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए स्वदेश में निर्मित कोवैक्सीन के टीके के बच्चों में परीक्षण के लिए, यहां के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सोमवार से दो वर्ष के बच्चे से 18 साल तक के किशोर की जांच शुरू हो गई। पटना स्थित एम्स में बच्चों में यह पता लगाने के लिए परीक्षण शुरू हो गया है कि क्या भारत बायोटेक के टीके बच्चों के लिए ठीक हैं ? जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। यह परीक्षण 525 स्वस्थ बच्चों पर किया जाएगा जिसके तहत बच्चों को टीके की दो खुराकें दी जाएगीं। इनमें से पहली खुराक के 28वें दिन दूसरी खुराक दी जाएगी।

एम्स के 'सेंटर फॉर कम्युनिटी मेडिसिन' के प्रोफेसर डॉ संजय राय ने कहा,'' कोवैक्सीन के परीक्षण के लिए बच्चों की जांच शुरू कर दी गई है। और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बच्चों को टीके की खुराक दी जाएगी।'' भारत के दवा नियामक ने कोवैक्सीन का दो साल के बच्चे से ले कर 18 साल की उम्र के किशोरों पर परीक्षण करने की मंजूरी 12 मई को दे दी थी। देश में टीकाकरण अभियान में वयस्कों को कोवैक्सीन के टीके लगाए जा रहे हैं।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।